आकाशवाणी चंडीगढ़

14 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कुरुक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद किया।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि, उनकी सरकार ने बुजुर्गों को दी गई स्वास्थ्य लाभ की गारंटी पूरी की है।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि, हिन्दी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है।
- केंद्र सरकार ने गेहूं की कीमत में वृद्धि एवं जमाखोरी को रोकने के लिए व्यापारियों और विक्रेताओं के लिए भण्डारण सीमा संशोधित की।
- पंजाब के राज्यपाल एवं चन्डीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान, जलवायु परिवर्तन की समस्या का उपयुक्त समाधान है।

******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कुरुक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद किया। जन आशीर्वाद रैली में शामिल जन समूह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग अपनी जुबान के पक्के होते हैं। उन्होंने खुद हरियाणा में काम करने का अवसर मिलने पर हरियाणा से यही सीखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र में बी.जे.पी सरकार ने बुजुर्गों को दी गई गारंटी पूरी की है। अब 70 साल से अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए 3 करोड़ पक्के घरों को मंजूरी दी है और अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं जिन में से सैंकड़ों महिलाएं हरियाणा से हैं। उन्होंने कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह की तारीफ भी की और कहा कि नायब सिंह प्रदेश के विकास के लिए 24 घंटे तत्पर हैं। उन्होंने लोगों से नायब सिंह और पार्टी को आशीर्वाद देने की अपील की और कहा कि गीता स्थली जहां सरस्वती सभ्यता के निशान हैं और गुरु गोबिंद सिंह के चरण पड़े, वे उसी धरती से बीजेपी सरकार बनाने का निवेदन करने आए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कांग्रेस के दौर में हुए भ्रष्टाचार और कांग्रेस द्वारा एक समुदाय के साथ भेदभाव करने की आलोचना भी की।

************************************************************************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले।

************************************************************************

हरियाणा में भी आज हिन्दी दिवस मनाया गया। फरीदाबाद में डी.ए.वी शताब्दी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध साहित्यकार और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अंजू दुआ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। प्रख्यात साहित्यकार नवाब केसर ने विशिष्ट अतिथि के रूप अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपने अंदाज में काव्य पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध किया । वहीं, डॉ. अंजू दुआ ने विद्यार्थियों को हिंदी व्याकरण की बारीकियों से परिचित कराया। इसी क्रम में फरीदाबाद के पाली स्थित जिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान द्वारा जिला स्तरीय हिंदी दिवस प्रतियोगिता करवाई गई। अंबाला छावनी के आर्य कन्या महाविद्यालय में हिन्दी दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने कहा कि हिन्दी की ताकत उसकी व्यापकता, विविधता और सांस्कृतिक धरोहर में निहित है। हिन्दी विभाग से प्रो. ममता भटनागर ने कहा कि हिन्दी भाषा के महत्व को संजोये हुए इसे प्रोत्साहित करना सभी के लिए गर्व की बात है। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा हिन्दी भाषा की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालने हेतु नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया।

************************************************************************

कैथल राजकीय महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा आज हिन्दी दिवस पर व्याखयान का आयोजन किया गया। विभाग की अध्यक्षा डॉ. मोनिका जाखड़ ने बताया कि 15 सितंबर को भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत दूरदर्शन के रूप में हुई थी। दूरदर्शन के हिन्दी भाषी कार्यक्रमों ने हिन्दी को पूरे देश में विशेष पहचान दिलाने का कार्य किया है। आज हिन्दी दिवस और दूरदर्शन दिवस को विभाग द्वारा एक साथ मना कर हिन्दी के प्रचार-प्रसार में दूरदर्शन की भूमिका के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया है।

*******************************************************************

भारतीय खाद्य निगम-एफ सी आई ने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक देशभर के सभी निगम कार्यालयों सहित 760 स्थानों पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह अभियान 'संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण पर जोर देने वाले तीन प्रमुख स्तंभों संपूर्ण स्वच्छता और स्वच्छता लक्षित इकाई, स्वच्छता की भागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर पर केन्द्रित रहेगा।

*******************************************************************

केंद्र सरकार ने गेहूं की कीमत में वृद्धि और जमाखोरी को रोकने के लिए व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करण करने वालों के लिए भंडारण की सीमा संशोधित की है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वक्तव्य में कहा कि व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए संशोधित गेहूं भंडारण सीमा अब दो हजार टन होगी। यह सीमा पहले तीन हजार मिट्रिक टन थी। व्यक्तिगत खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। व्यक्तिगत खुदरा विक्रेता 10 टन तक गेहूं का भंडारण कर सकेंगे। बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता प्रत्येक दुकान में 10 टन तक गेहूं का भंडारण कर सकते हैं। यह रोक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अगले वर्ष 31 मार्च तक लागू रहेगी।

*******************************************************************

पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने अपनी पत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ पंजाब राजभवन के परिसर में 'रुद्राक्ष' के पौधे लगाए। इस दौरान पंजाब राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी फलदार वृक्षों के विभिन्न पौधे लगाए।इस अवसर पर बोलते हुए श्री कटारिया ने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के हिस्से के तौर पर चलाया जा रहा है। राज्यपाल ने आगे कहा कि वैश्विक उष्णता के कारण पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे मौसम का मिजाज और प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जलवायु परिवर्तन की समस्या का एक उपयुक्त समाधान है। राज्यपाल ने पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों से भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए आगे आकर पेड़ लगाने के इस नेक काम में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि

लोगों को न केवल पौधे लगाने चाहिए बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी देखभाल भी करनी चाहिए।

**********************************************************************

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं-अशोक गहलोत, अजय माकन और प्रताप सिंह बाजवा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। हरियाणा विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्तूबर को होगा और मतगणना 8 मतगणना को की जाएगी।

**********************************************************************

हिसार में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत आज दयानंद महाविद्यालय में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों और महाविद्यालय के कर्मचारियों को मतदान के अधिकार के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को वोट डालने की शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों को पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से वोट के महत्व बारे जागरूक किया गया।

**********************************************************************

सीमा सुरक्षा बल द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 10 से 14 सितंबर तक आयोजित अखिल भारतीयपुलिस खेलों में भिवानी की दर्शना घणघस ने मुक्केबाजी में 54 किलोग्राम में स्वर्ण पदक हासिल किया। दर्शना घणघस ने भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए 54 किलोग्राम भार वर्ग में अपने प्रतिद्वंदी मुक्केबाजों को हराकर स्वर्ण पदक जीता। निर्णायक मैच में दर्शना घणघस ने उत्तर प्रदेश पुलिस की कुसुम को 5-0 से हराया।

**********************************************************************

आज जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सेंट जॉन एंबुलेंस द्वारा कैथल के जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय में विश्व प्राथमिक सहायता दिवस मनाया गया। विश्व प्राथमिक सहायता दिवस पूरे विश्व में हर साल सितंबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। जिला सचिव राम जी लाल ने बताया कि इस साल इस दिवस का थीम "प्राथमिक सहायता और खेलें" रखा गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि दुर्घटना के बाद 45 मिनट का समय घायल

व्यक्ति के प्राणों की रक्षा के लिए विशेष होता है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ बीरबल दलाल ने बताया कि जिला प्रवक्ता दीपक कुमार एवं अंजू शर्मा द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को हृदयघात के दौरान कृत्रिम श्वास देने की विधि, एसिड हमले , आग लगने व पानी में डूबने पर प्राथमिक सहायता देने  के तरीके बताए गए।

****************************************************************************